नवभारत
राष्ट्र हित का प्रहरी 1934 से



5 ग्रामीण विकास और जनभागीदारी का आह्वान



6 देश के कारखाने इतने असुरक्षित क्यों?



7 एआई मिथॉस से बढ़ा जोखिम : वित्त मंत्री



11 अक्षय शर्मा ने 5 साल बाद जीता खिताब

# 'आप' के 7 सांसद हुए भाजपाई

## राज्यसभा सांसद राघव ने 10 में से 7 सांसद साथ होने का किया दावा

- दलबदल कानून के तहत आप दाखिल करेगी याचिका
- आम आदमी पार्टी के चार सांसद अभी सामने नहीं आए

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल. पंजाब में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं. इससे पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है. आम आदमी पार्टी के 10 राज्यसभा सांसदों में से 7 सांसद भाजपा में शामिल होंगे. इसका ऐलान पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार शाम को 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया. उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता हमारे साथ हैं.**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ संदीप पाठक और अशोक मित्तल भी मौजूद थे. मित्तल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन हैं और जालंधर में उनके घर 15 अप्रैल ईडी ने छापेमारी की थी. कॉन्फ्रेंस के बाद राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल ने भाजपा मुख्यालय पहुंचकर पार्टी ज्वॉइन की. बाकी चार सांसद अभी सामने नहीं आए हैं.



### बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ किया धक्का



राघव चड्ढा सहित आम आदमी पार्टी के सात सासंदों के बीजेपी में शामिल होने पर पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने प्रतिक्रिया दी है. अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एप पर पोस्ट कर कहा, 'बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ किया धक्का'.

### राघव बोले- दलबदल कानून नहीं लगेगा

सांसद राघव ने बताया कि पार्टी के दो-तिहाई सांसदों ने यह फैसला लिया. इसलिए दलबदल कानून लगने का कोई मतलब नहीं है. उन्होंने कहा पिछले कुछ सालों से मुझे यह महसूस हो रहा था कि मैं गलत पार्टी में सही आदमी हूं. हमने यह फैसला किया है कि हम संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करते हुए खुद को बीजेपी में मिला लेंगे. वहीं आप के संजय सिंह ने कहा कि दलबदल कानून के तहत आम आदमी पार्टी याचिका दाखिल करेगी. इस संबंध में सभापति को पत्र दिया जाएगा.

### राघव ने 2 साल पहले दिए थे अलगाव के संकेत

- 21 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव से पहले जब शराब घोटाले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया. तब राघव ने न कुछ बोला, न सोशल मीडिया पर कुछ लिखा.
- फरवरी-2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आए, तो आप को करारी हार मिली. पार्टी को सिर्फ 22 सीटें मिलीं जबकि बीजेपी ने 48 सीटें जीतकर सरकार बनाई. तब भी राघव चुप्पी साधे रहे. आप के किसी कार्यक्रम में नहीं दिखे.
- 2025 की शुरुआत में ही राघव के सोशल मीडिया अकाउंट से आप का बैनर और चुनाव निशान हटने लगे. आप के अंदर चर्चा होने लगी कि राघव पार्टी के बजाय पर्सनल ब्रांडिंग पर फोकस कर रहे हैं. वह न पार्टी दफ्तर आते हैं, न किसी नेता से मिलते हैं.
- 27 फरवरी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित बाकी आरोपियों को शराब घोटाले में सीबीआई के मामले से बरी कर दिया. आप ने इसका जश्न मनाया, लेकिन राघव नदारद रहे.
- अमेरिका-ईरान जंग छिड़ने के बाद राघव चड्ढा ने पार्टीलाइन पर संसद में बोलने से इनकार कर दिया. हाल में जब पार्टी व्हिप के तहत आप सांसदों ने वॉकआउट किया, तब राघव सदन में ही मौजूद रहे.

### एक नजर में



#### विवेक त्रिपाठी बनेंगे एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर

**नई दिल्ली.** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने विवेक त्रिपाठी को बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के तौर पर नियुक्त करने की औपचारिक मंजूरी दे दी है. यह नियुक्ति शुक्रवार से शुरू होकर अगले तीन साल के लिए होगी. त्रिपाठी वर्तमान में बैंक के चीफ क्रेडिट ऑफिसर की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और 2014 से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ जुड़े हुए हैं. उनका क्रेडिट और रिस्क मैनेजमेंट के क्षेत्र में लंबा अनुभव है.

### गुस्ताखी माफ





# पीएम मोदी बोले-टीएमसी का दीया बुझने वाला है

**दमदम, 24 अप्रैल. पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले के दम दम में जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने टीएमसी और विपक्ष पर पलटवार करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कई वादे भी किए.**



प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी, उस पर पहले चरण के मतदान ने मुहर लगा दी है. भाजपा के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है. जिस बंगाल में टीएमसी ने लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था, अपनी तानाशाही से लोकतंत्र के मंदिर को खंडित कर दिया था, उस बंगाल में पहले चरण में जनता ने लोकतंत्र के मंदिर का पुनर्निर्माण कर दिया है. अब दूसरे चरण में आपको इस लोकतंत्र के मंदिर पर विजय ध्वज फैलाना है. पीएम ने कहा कि अब टीएमसी बहुत बुरी तरह बौखला गई है, क्योंकि उसका दीया बुझने वाला है. गुरुवार को रात भर टीएमसी अपने गुंडों को ताकत दे रही थी कि मैदान में आओ. मैं बंगाल की जनता से कहूंगा, भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से कहूंगा कि मत भूलिए, ये क्रांति की धरती है, ये वीरों की धरती है. और ये मत भूलना कि हर बुझता हुआ दीपक थोड़ा फड़फड़ाता है, वैसे ही टीएमसी का दीया भी बुझने से पहले थोड़ा फड़फड़ा रहा है. 4 मई को नतीजे आने के बाद टीएमसी के गुंडों को बंगाल में छुपने की जगह नहीं मिलेगी, उन्हें कोई बचाने वाला नहीं मिलेगा.

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'आप हमें वोट दें. हम बंगाल को वर्षों के कष्टों से मुक्त करेंगे. टीएमसी के भय, भ्रष्टाचार गिरोह से मुक्ति दिलाएंगे. बंगाल का गौरव फिर से लौटाने और फिर से अवसरों की भूमि बनाने के लिए ये आजादी बहुत जरूरी है. टीएमसी के भय, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट, बेटियों पर अत्याचार से, पलायन की मजबूरी, बेरोजगारी और बेकारी और घुसपैठियों के कब्जे से आजादी दिलाएंगे. गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्र का आह्वान किया था, 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'.

# 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' पर केंद्र ने लगाया बैन

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल. केंद्र सरकार ने विवादित वेब सीरीज 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' पर प्रतिबंध लगा दिया है. सुनवाई के दौरान यह जानकारी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को दी गई. यह डॉक्यूमेंट्री पहले 27 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी.**

पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि वेब सीरीज 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' पर प्रतिबंध लगाया है. यह कार्रवाई सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने तथ्यों की जांच के बाद की है. केंद्र



सरकार ने अदालत को बताया कि वेब सीरीज के कंटेंट को लेकर गंभीर आपत्तियां सामने आई थीं, जिसके बाद मंत्रालय ने रिव्यू कर इसे बैन करने का फैसला लिया. फिलहाल इस शो के प्रसारण और प्रसार पर अस्थायी रोक लगा दी गई है. पंजाब पुलिस ने जानकारी दी कि सीरीज़ में नाटकीय प्रस्तुतिकरण, असली फुटेज और ऐसे नैरेटिव एलिमेंट्स शामिल हैं.

# सीईसी को हटाने की मांग

## विपक्ष के 73 सांसदों ने दिया प्रस्ताव नोटिस

**नयी दिल्ली, 24 अप्रैल. विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर राज्यसभा में औपचारिक पहल की है.**

विपक्ष के 73 सांसदों ने राज्यसभा के महासचिव को प्रस्ताव का नोटिस सौंपा है, जिसमें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग की गई है. यह नोटिस कांग्रेस के नेता एवं संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने प्रस्तुत किया है. फिलहाल यह प्रस्ताव केवल राज्यसभा में ही दाखिल किया गया है. श्री रमेश ने जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रस्ताव में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कुल नौ गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिन्हें विस्तार से दस्तावेज़ित किया गया है. उनके अनुसार, ये आरोप 15 मार्च 2026 के बाद किए गए कार्यों और चूकों से जुड़े हैं, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 324(5) और अनुच्छेद 124(4) के तहत 'सिद्ध कदाचार' माना जा सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023' तथा 'न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968' के प्रावधानों के तहत लाया गया है.


# प्रतिदिन 52 लाख किलोग्राम दूध का होगा संग्रहण

## मप्र स्टेट को- ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में सीएम ने दिए निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 24 अप्रैल. प्रदेश में आने वाले दिनों में प्रतिदिन 52 लाख किलोग्राम दूध का संग्रहण किया जाएगा. इस लक्ष्य को हासिल करने के अब गतिविधियां संचालित होंगी. इस क्रम में डेयरी विकास योजना के तहत प्रदेश के 26 हजार गांवों को जोड़ा जाएगा.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को इस संबंध में निर्देश दिए हैं. सीएम समत्व में मध्यप्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की राज्य स्तरीय संचालन समिति की द्वितीय बैठक में शामिल हुए. इस दौरान सीएम ने



कहा कि दुग्ध उत्पादन से जुड़ी गतिविधियां किसानों की आय बढ़ाने में प्रभावी रूप से सहायक है. किसानों की आय दोगुना करने के लिए किसान कल्याण वर्ष में राज्य सरकार डेयरी गतिविधियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित कर रही है. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के दुग्ध संघों को दिए जा रहे सहयोग से दुग्ध संकलन में वृद्धि हुई है और किसानों को भी दूध के बेहतर दाम मिल रहे हैं. सहकार के भाव से डेयरी गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा हैस़ दुग्ध समितियों में महिला सदस्यता को प्रोत्साहित किया जा रहा है. डेयरी सहकारी कवरेज के विस्तार और सुदृढ़ीकरण, नई डेयरी प्रसंस्करण, उत्पाद निर्माण और पशु चारा संयंत्र के आधुनिकीकरण, डेयरी वैल्यू चैन के डिजीट्लाइजेशन, पारदर्शिता और दुग्ध उत्पादों की बिक्री को बढ़ाने के लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए कार्ययोजना बनाई जाए.

बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और दुग्ध संघों का कार्यअनुबंध करने के बाद वर्ष 2025-26 में 1752 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया गया तथा 701 निष्क्रिय दुग्ध समितियों को क्रियाशील किया गया. प्रदेश में प्रतिदिन 9 लाख 67 हजार कि.ग्रा. दुग्ध संकलन किया जा रहा है.

# दिल्ली-यूपी समेत 10 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट



**44** डिग्री के पार तापमान

**44.5** डिसे पारा उत्तर प्रदेश के बांदा में सर्वाधिक

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल. उत्तर भारत के मैदानी इलाकों से लेकर पहाड़ों तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और मौसम विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में लू (हीटवेव) का अलर्ट जारी किया है.**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान तेजी से बढ़ते हुए 42 डिग्री सेल्सियस से (डिसे) 44 डिसे के बीच दर्ज किया जा रहा है, जिससे अप्रैल के महीने में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का अहसास हो रहा है.

उत्तर प्रदेश के बांदा जैसे जिलों में पारा 45.4 डिसे तक पहुंच गया है, जबकि पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले 4-5 दिनों तक इसी तरह के शुष्क और गर्म मौसम का अनुमान है. मौसम विभाग ने यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में लू को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है.

### ओडिशा में गर्मी की छुट्टियां समय से पहले घोषित

ओडिशा में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के कहर को देखते हुए सरकार ने स्कूलों की गर्मी की छुट्टियां पहले ही घोषित कर दी हैं. अब राज्य के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूल 27 अप्रैल से बंद रहेंगे. यह फैसला बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है. सरकार ने स्कूल और जन शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. हालांकि, पहले से तय परीक्षाएं, जनगणना से जुड़े काम और अन्य सरकारी कार्य अपने निर्धारित समय पर ही होंगे. इस समय ओडिशा में भीषण गर्मी पड़ रही है.






| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4.9 | ~ ₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ✗ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ✗ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~5.5 Yrs | ~8.9 Yrs | ✓ Faster recovery |

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. #Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Goa as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. **Offer computed basis ₹30 000 for exchange of Diesel vehicle and ₹20 000 for loyalty bonus to existing Maruti Suzuki customers. The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. The offer is valid only on Victoris S-CNG variant. For more details visit your nearest dealership.